Regarding construction of service roads, overbridge and underpasses at NH-18 (Dhanbad ? Balasore)-laid

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर): राष्ट्रीय राजमार्ग-18 (धनबाद ? बालासोर) जो मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर के बहरागोड़ा से प्रसारित होता है और बहरागोड़ा के कालियाडिन्घा चौक के दोनों छोर पर कोई सर्विस रोड निर्मित नही है जिसके कारण चौक के आस-पास आए दिन जलभराव होता रहता है । इसलिए यहाँ पर सर्विस रोड का निर्माण करवाया जाये I इसी प्रकार आदित्यपुर स्थित ओम होटल रेजीडेंसी के सामने एक ओवरब्रिज का निर्माण हो जाने से यहाँ ट्रैफिक जाम की समस्या का निवारण हो सकेगा I मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत फूलढूंगरी-घाटशिला के बीच अंडरपास का निर्माण किया जाना चाहिए जिससे रोड ट्रैफिक जाम की समस्या का निवारण हो सके I अत : मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि उपरोक्त समस्याओं को संज्ञान में ले और इनका जल्द से जल्द निवारण करने की कृपा करे I